## घाना प्रवासी नील का अभिनंदन

**बीकानेर,** (कासं)। शब्दरंग साहित्य एवं कला संस्थान बीकानेर के तत्वावधान में बीकानेर मूल के अफ्रीकी देश घाना प्रवासी इंजीनियर निकेश नील का अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया। अभिनंदन समारोह की अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार कवि-कथाकार राजेन्द्र जोशी ने की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि व्यंगकार-सम्पादक डॉ. अजय जोशी थे। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि साहित्यकार राजाराम स्वर्णकार थे। प्रारंभ में कवयित्री-गीतकार डॉ.कृष्णा आचार्य ने स्वागत उद्बोधन देते हुए राजस्थानी गीत की शानदार प्रस्तुति दी। अभिनंदन समारोह की अध्यक्षता करते हुए कवि-कथाकार राजेन्द्र जोशी ने कहा कि भारतीय युवाओं ने विदेशी देशों में नेतृत्व और समर्पण भाव से उत्कृष्टता के नए मानक स्थापित किए। जोशी ने कहा कि हमारे युवा विभिन्न क्षेत्रों में दुनिया भर के विकास में उल्लेखनीय योगदान कर रहे हैं। व्यंगकार-सम्पादक डॉ.अजय जोशी ने कहा कि बीकानेर से निकला युवा उद्यमी निकेश नील अफ्रीकी देश में राजस्थान एसोसिएशन ऑफ घाना के राजस्थान एसोसिएशन के सचिव एवं इंडियन एसोसिएशन ऑफ घाना के पूर्व संयुक्त सचिव हैं। कवि बाबूलाल छंगाणी ने इंजीनियर निकेश नील के व्यक्तित्व और कृतित्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। अतिथियों द्वारा नील का माला, शॉल श्रीफल और अभिनंदन पत्र भेंटकर स्वागत किया।

# अमराराम को जनसम्पर्क के दौरान मिल रहा है अपार जनसमर्थन

## मतदाताओं से हांसिया हथोड़े के चुनाव चिन्ह पर वोट देने की अपील की



इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार कामरेड अमराराम ने गुरुवार को नीमकाथाना विधानसभा क्षेत्र के डोकन, न्योराना आदि जगहों पर जनसम्पर्क किया।

**पाटन।** इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार कामरेड अमराराम ने गुरुवार को नीमकाथाना विधानसभा क्षेत्र के डोकन, न्योराना, दरीबा, रायपुर पाटन, घासीपुरा, हसामपुर, छाजा की नांगल, रामसिंहपुरा, मोठूका, बेगाकीनांगल, दलपतपुरा, बल्लुपुरा, राजपुरा, धांधेला, पाटन, डूंगा की नांगल, स्यालोदड़ा, श्यामपुरा, बिहार, डाबला, बिहारीपुर,हीरानगर, आगरी, गणेश्वर, गांवडी, खादरा, महावा, ग्राम पंचायतों का दोरा करते हुए आने वाली 19 तारीख को हांसिया हथोड़े के चुनाव चिन्ह पर वोट देने की अपील करते हुए बताया कि यह चुनाव देश के भविष्य को तय करेगा।

वर्तमान में शासन कर रही भाजपा सरकार ना किसानों की सुन रही है ना नौजवानों की सुन रही है, बेरोजगारी ने हर परिवार का बजट बिगाड दिया है, महिलाओं पर रोजाना अत्याचार हो रहे हैं। अब चुनाव के समय भी प्रधानमंत्री यह नहीं बता रहे कि वे आम जनता के लिए क्या करेंगे, उनके भाषण सुन लो और निर्णय करो।

जिनका कोई विजन ही नहीं है तो आप समझ सकते हैं क्या होगा। नीमकाथाना विधायक सुरेश मोदी ने क्षेत्रवासियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज समय की यह मांग है कि केन्द्र में जन हितेषी सरकार का गठन हो क्योंकि दिशा हीन हुई भाजपा चुनावों के समय बड़े-बड़े वादे करती है और चुनावों के बाद किसान, गरीब, मजदूर, महिलाओं को भूल जाती है, इनको सिर्फ पूंजीपती ही याद रहते हैं।इस सरकार ने देश पर 2014 के मुकाबले तीन गुणा कर्जा बढा दिया है। ड्राइवरों के लिए ऐसा कानून लाया गया है जिससे गाडी चलाना ही संकट का काम हो जायेगा। ड्राइवर भाई अपनी जानकारी में चींटी को भी नहीं मारना चाहता लेकिन नये कानून में की गई सजा के प्रावधान से यदि जीवन में एक भी घटना घट गई तो उसका पूरा परिवार बर्बाद हो जायेगा, क्योंकि दस साल की जेल होगी और सात लाख का जुर्माना होगा। ऐसा कानून तो अंठोजों के जमाने में भी नहीं था।अमराराम जैसे संघर्षशील व्यक्ति को दिल्ली भेजना होगा जिससे हर कमजोर व्यक्ति की सुनाई हो। दोरे में हुई नुक्कड सभाओं में प्रधान प्रतिनिधि राजेन्द्र यादव, पाटन ब्लॉक अध्यक्ष माला राम वर्मा, जिला पार्षद राजपाल डोई, स्यालोदडा सरपंच अनिल शर्मा, पूर्व सरपंच भोपाल सैनी,दिलीप गोयल, सुरेंद्र शर्मा, संतोष मीणा, कैलाश बोपिया , विजयसिंह, दिनेश यादव, अवतार गुर्जर, कमल सैनी, भूपसिंह, महेन्द्र गुर्जर, रामोतार मीणा सहित हजारों लोग साथ रहे।

### सार-समाचार

## पीले चावल बांट कर दिया न्यौता



**सुजानगढ।** (का.स)प्रधानमंत्री नरेन्द मोदी के चूरू आगमन को लेकर भाजपा महिला मोर्चा की पूर्व जिला अध्यक्ष यशोदा माटोलिया व जिला मंत्री सुमन सामरिया के नेतृत्व में महिला कार्यकर्ताओं ने कमल रंगोली बनाई तथा घर-घर जाकर पीले चावल बांट कर रैली में चलने का न्यौता दिया। भौजलाई बास में कमल रंगोली बनाने के पश्चात महिला कार्यकर्ताओं ने घर-घर जा कर पीले चावल बांट कर प्रधानमंत्री की सभा में चलने का निमंत्रण दिया। इस दौरान यशोदा माटोलिया ने आगामी 19 अप्रेल को भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की। इस अवसर पर महिला मोर्चा जिला उपाध्यक्ष शोभाग कंवर, सरोज अग्रवाल, पूजा, भगवती, रतनी, संतोष सैन, ममता, संतोष प्रजापत सहित अनेक महिला कार्यकर्ता उपस्थित थी।

## गायों को गुड, हरा चारा खिलाया

सादुलपुर,(निस)। पूर्व मंत्री स्वर्गीय जयनारायण पूनिया के पुत्र स्व. एडवोकेट चरण सिंह पूनिया की नोवीं पुण्य तिथि पर गुरुवार को विभिन्न धार्मिक आयोजन किये गए। जिसमे सर्वप्रथम घर पर यज्ञ अनुष्ठान के पश्चात गायों को गुड व हर चारा खिलाया गया। मोक्षभूमि गौशाला में स्व. एडवोकेट चरण सिंह पूनिया की माता मनभरी देवी, पत्नी सुनीता पूनिया, पुत्र भव्य पूनिया पुत्री लक्षिता सहित विकास पूनिया, विक्रमसिंह शेखावत, संजय नाई आदि ने गायों को गुड खिलाया। उधर प्रो. दिलीप पूनिया, प्रताप पूनिया, सुरेन्द्र, राजेन्द्र, संतोष लाखलान, वीरेंद्र पूनिया उर्फ शेरू आदि ने विभिन्न स्थानों पर गौवंश को हरा चारा, खल व गुड खिलाकर स्व चरण सिंह की आत्मिक शांति हेतु प्रार्थना की।विभिन्न सामाजिक संगठनों ने भी उन्हें श्रद्धांजलि दी।

## सडक हादसे में युवक घायल

**सुजानगढ,** (का.स)सडक हादसे में एक युवक घायल हो गया, जिसे प्राथमिक उपचार के बाद रैफर किया गया। जानकारी के अनुसार गोपालपुरा रोड पर करणी माता मंदिर के पास सडक पर एक युवक घायलावस्था में मिला। जिसे गोपालपुरा निवासी त्रिलोक मेघवाल, टीम हारे का सहारा के संयोजक श्याम स्वर्णकार, नवरतन बिजारणियां लेकर राजकीय बगडिया उप जिला अस्पताल पहुंचे। जहां चिकित्सक ने घायल युवक का प्राथमिक उपचार कर गंभीरावस्था में रैफर कर दिया। युवक के पास मिले मोबाइल से बात होने पर उसकी पहचान मनोज पुत्र सुरजाराम मेघवाल निवासी सिंगरावट, डीडवाना के रूप में हुई। जो सुजानगढ से अपनी ससुराल गोपालपुरा जा रहा था।

## इंडिया गठबंधन प्रत्याशी कुलदीप इंदौरा ने जनता से समर्थन मांगा

**श्रीगंगानगर,।** श्रीगंगानगर-हनुमानगढ़ लोकसभा से इंडिया गठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी कुलदीप इंदौरा ने समर्थन में जनसभा का आयोजन किया गया। विजयनगर में डाडा पम्माराम चौक में हुई इस जनसभा में का. श्योपत राम मेघवाल भी मौजूद रहे। जनसमूह को सम्बोधित करते हुए कुलदीप इदौरा ने कहा कि देश की दशा और दिशा कांग्रेस ही बदल सकती है। आज देश के हालात अत्यंत भयावह है तथा प्रत्येक वर्ग मोदी सरकार की कुनीतियों से त्रस्त है। का. श्योपत राम मेघवाल ने भी केन्द्र सरकार की श्रमिक विरोधी नीतियों पर जमकर प्रहार किया

## सार्वभौम भास्कर पंचांग का विमोचन

**बीकानेर,** (कासं)। शाकद्वीपीय मग ब्राह्मण समाज के विद्वान पंडितों, कर्मकांडी ज्योतिषियों के गहन वैचारिक मंथन से तैयार सार्वभौम भास्कर पंचांग का आज विमलांगन प्रांगण में विमोचन किया गया। शाकद्वीपीय मग ब्राह्मण समाज के वरिष्ठ बंधु चेरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष आर. के. शर्मा ने कहा कि इस पंचांग का निर्माण वर्षों से किया जाता रहा है। इस पंचांग का लाभ सभी वर्गों को मिलता है। भाई बंधु चेरिटेबल ट्रस्ट की अध्यक्षा समाजसेवी कामिनी विमल भोजक मैया ने कहा कि पश्चिम बंगाल के विद्वान शाकद्वीपीय पंडितों के अथक घंटों के वैचारिक मंथन के बाद पंचांग का निर्माण किया जाता है। देश काल परिस्थिति के अनुरूप हर क्षेत्र के लोगों को इस पंचांग का लाभ मिलता है। हर तिथि और त्योहार की समय काल गणना बहुत ही सूझबूझ से तैयार हुई है। ओबीसी मंडल अध्यक्ष पुरषोत्तम सेवक ने कहा कि यह पंचांग सनातन धर्म की सभी विशेषताएं लिए हुए है।

# मतदाताओं को किया जागरूक

**पाटन।** मतदाताओं को किया जागरूक महावा गांव की राजकीय उच्च माध्यमिक विधालय की छात्राओं द्वारा मतदाताओं को जागरूक करने के लिए मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर शीश राम यादव बूथ लेवल ऑफिसर के निर्देश में गुरुवार को विधालय में स्वीप कार्यकम में मेहंदी प्रतियोगिता तथा मतदाताओं को शपथ दिलाने का कार्यक्रम आयोजित हुआ।

व्याख्याता सुमन कुमारी, शिक्षिका सुशीला सेहरा और सोनिया सोलंकी के द्वारा हाथ पर "मेरा बोट मेरा अधिकार" एवं " " आदि मेहंदी से बनाकर उपस्थित छात्राओं को प्रेरित किया। प्रधानाचार्य संदीप दयाल ने बताया कि लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढाने के लिए छात्राओं ने मेहंदी प्रतियोगिता के माध्यम से मतदाताओं को जागरुक एवं प्रेरित किया। व्याख्याता सुमन कुमारी ने छात्राओं से स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाताओं को मतदान अवश्य करने हेतु मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया। अध्यापक शीश राम यादव द्वारा आगामी लोकसभा चुनाव में उन्नीस अप्रेल को आवश्यक मतदान करने एवं मतदान कराने की शपथ दिलाई। इस अवसर पर ताराचन्द उप प्राचार्य, शेरसिहं व्याख्याता, शंकरलाल वरिष्ठ अध्यापक,महावीर प्रसाद व.अ. रमेश कुमार व,. अध्यापक ,रेखा ताखर व.अ, विक्रम अध्यापक , राकेश कुमार शारीरिक शिक्षक ,संजू कौशिक अध्यापक, रवि प्रकाश सहायक प्रशासनिक अधिकारी एवं सतीश महरिया कम्प्यूटर अनुदेशक सहित सभी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## महिला के गले से तोडी सोने की चेन

**सुजानगढ।** (का.स)गुरुवार को सुजानगढ के कोतवाली थाने से सिर्फ २०० मीटर दूर स्कूटी पर आए युवक ने एक घर में घुसकर ८० वर्षीय रोजेदार महिला पर हमला कर लूट की वारदात को अंजाम दे दिया। हमले में महिला के चेहरे पर चोट भी लगी है। इस दौरान बुजुर्ग महिला ने युवक से मुकाबला भी किया और उसकी उंगली को दांतों से काट लिया। लेकिन युवक उसके गले से चेन और कानों में पहने झुमके लेकर फरार हो गया।

महिला ने जब शोर मचाया तो आसपास के लोग इकट्ठा हुए। इसके बाद सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। आसपास के सीसीटीवी देखने पर युवक करीब 11 बजकर 39 मिनट पर स्कूटी से आते हुए नजर आया। कोतवाली थाना इंचार्ज धर्मेंद्र मीणा ने बताया कि मामले को लेकर जेबुनिशा पत्नी मोहम्मद हुसैन भाटी निवासी वार्ड नं. 21 हनुमान धोरा रोड ने रिपोर्ट दी है।

# मतदाता जागरूकता हेतु मानव श्रृंखला एवं मैराथन रैली निकाली

**रतनगढ** (निसं)लोकसभा चुनाव 2024 के लिए स्वीप गतिविधियों के अंतर्गत रतनगढ विधानसभा क्षेत्र में मतदाता जागरूकता के लिए मानव श्रृंखला का निर्माण किया गया एवं मैराथन रैली निकाली गई। रा उ मा विद्यालय एवं अटल सेवा केंद्र धातरी, बुधवाली, भोजासर, देवानी, कनवारी, जैतासर में मानव श्रृंखला बनाकर विद्यार्थियों ने मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई। ग्राम पंचायत लाछरसर में स्वीप नोडल प्रभारी बी डी ओ जगदीश प्रसाद व्यास के मुख्य आतिथ्य में आयोजित कार्यक्रम में व्यास ने निर्वाचन विभाग द्वारा मतदाता की सहायता के लिए चलाये गये विभिन्न मोबाइल ऐप की जानकारी दी तथा उपस्थित ग्रामीण पुरुष व महिलाओं को मतदाता शपथ दिलाई और 19 अप्रैल को मतदान अवश्य करने का संकल्प लिया। इसके पश्चात सभी ग्रामीण, कार्मिक व विद्यार्थीयो ने मानव शृंखला का निर्माण कर मैराथन रैली निकली। कार्यक्रम में सहायक विकास अधिकारी संजय भोजक, प्रधानाचार्य नेमिचंद, सरपंच प्रतिनिधि जगदीश सहित अनेक ग्रामवासी उपस्थित रहे।




रतनगढ़ में मैराथन रैली निकाली गई।

# कोलायत क्षेत्र में मेघवाल व भाटी ने किया जनसम्पर्क

**बीकानेर।** बीकानेर लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी गोविन्दराम मेघवाल ने जनसंपर्क करते हुए दो दर्जन से ज्यादा गांवों में आमजन से मुलाकात की। इस दौरान मेघवाल के साथ पूर्व मंत्री भंवरसिंह भाटी ने बच्छासर, कोलासर, मेघासर, अक्कासर, भोलासर, हाडला भाटियान, मोखा खलसा, झझू,चक विजयसिंहपुरा, सियाणा, नैणिया,खारा लोहान, नांदड़ा, खजोड़ा, भेलू,हनुमाननगर, दासौड़ी, खिंदासर, लम्मणा भाटियान, लम्माणा मूलवान, बाला का गोल,शहर लवायत, खाखूसर, लोहिया, भाणेका गांव व हदां में सघन जनसंपर्क कर कांग्रेस को जीताने की अपील की। इस मौके पर गोविन्दराम मेघवाल ने कहा कि बीकानेर लोकसभा क्षेत्र मेरा परिवार है। परिवार की सेवा का संकल्प लिये आपके बीच आया हूं। प्रण है कि गांव-ढाणी के विकास की कोई कोर कसर नहीं छोडूंगा। पूर्व मंत्री भवर सिंह भाटी ने आरोप लगाया कि केन्द्र सरकार व राज्य सरकार ने युवाओं के साथ रोजगार को लेकर छलावा किया। किसानों को उचित मूल्य से वंचित रखा। महिलाओं को आरक्षण देने पर चुप्पी साधी हुई है। इस मौके पर प्रधान प्रतिनिधि झंवरलाल सेठिया,भूमि विकास बैंक के चेयरमैन रामनिवास गोदारा,हरिसिंह सांखला,सरपंच घमाराम, जिला परिषद प्रतिनिधि ओमजी, पूर्व सरपंच प्रभूदयाल गोदारा, सरस्वती गोदारा,श्रीराम मेघवाल,शंकर लाल पारीक,सरपंच राधेश्याम,सेवराम पडिहार, सोहनलाल,हसन अली,हाजी इल्मूदीन, मघराम नायक,मोहनलाल कांटिया, सरपंच प्रतिनिधि सुन्दर राठी, लक्ष्मण सिंह भाटी,पूर्व सरपंच मागीलाल नायक,सुरजाराम मेघवाल,सांवर महाराज,रामलाल कुम्हार, सम्पतलाल, नत्थूराम मेघवाल, गिरधारी,प्रभुराम मेघवाल, नत्थू महाराज,सरपंच इशरराम मेघवाल,पूर्व सरपंच मुश्ताक अली,जीतू सिंह राठौड़,मेहबूब खां, केदार उपाध्याय, रामदेव मेघवाल, सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी,ग्रामीण मौजूद रहे। मेघवाल का सभी जगह गर्मजोशी से स्वागत सत्कार किया गया।

## टॉयलेट में गया मुसाफिर फिसला, मौत

बीकानेर। यहां लालगढ़ जंक्शन रेलवे स्टेशन के नजदीक ट्रेन में पेशाब करने के लिए ट्रेन के टॉयलेट में गए एक मुसाफिर की फिसलने से मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक बंगाल के कूच बिहार क्षेत्र निवासी प्रनब बर्मन ट्रेन से बीकानेर आ रहा था। लालगढ़ रेलवे स्टेशन के नजदीक चलती ट्रेन के बाथरूम में वह अचानक फिसल गया। जिससे उसके सिर में चोटें आई। बीकानेर रेलवे स्टेशन पहुंचते-पहुंचते उसकी तबीयत ज्यादा बिगड़ गई। जहां से उसके सीधे पीबीएम अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने उसको मृत घोषित कर दिया। उसके साथ उसका रिश्तेदार धनेश्वर बर्मन भी था। वह उसको लेकर अस्पताल पहुंचा। किंतु तब तक उसने दम तोड़ दिया था।

# भाभी के बाद ननद ने भी की आत्महत्या

**श्रीगंगानगर,** जिले में एक दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है जहां युवती ने देहशोषण से तंग आकर अपनी जान दे दी। 19 वर्षीय युवती ने घर में गाटर के रस्सी का फंदा लगाकर इस घटना को अंजाम दिया। इससे पहले उसकी भाभी ने भी गत वर्ष 20 दिसंबर को देहशोषण से परेशान होकर आत्महत्या कर ली थी। इस पूरे मामले के पीछे गांव के ही 3 युवकों का हाथ बताया जा रहा है। ये 9 महीने से दोनों ननद-भाभी का देहशोषण कर रहे थे। जिससे तंग आकर पहले तो पिछले साल दिसंबर में भाभी ने और अब 19 वर्षीय उनकी ननद ने आत्महत्या कर ली। घटना सूरतगढ़ के राजियासर थाना क्षेत्र के गांव सांवलसर की है। आरोपी वीडियो वायरल करने की धमकी देकर ब्लैकमेल करते थे। होली के आसपास भी वीडियो वायरल करने की धमकी देकर युवती के साथ देहशोषण करने की कोशिश की जिसके बाद 24 मार्च को युवती ने बकायदा सुसाइड नोट लिखकर आत्महत्या करने का प्रयास किया था। इस पूरे मामले में पुलिस ने तीनों युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। जिनमें से दो की गिरफ्तारी हो चुकी है। फिलहाल सीओ प्रतीक मील व थाना अधिकारी सतीश कुमार यादव के साथ पुलिस बल घटना स्थल पर तैनात हैं। जहां बड़ी संख्या में ग्रामीण व परिजन भी मौजूद हैं।

## गोल्ड जीतने वाली दादी का स्वागत

**नोखा,** (कासं)। राष्ट्रीय स्तर पर गोल्ड मैडल जीतने वाली पाना देवी गोदारा का गांव आगमन पर बीकानेर जिले की नोखा तहसील के ग्राम अणखीसर वासियों ने गुरूवार को स्वागत किया। गोल्डन दादी के नाम से मशहूर 92 वर्षीय पाना देवी गोदारा का स्वागत सरपंच रामीदेवी कुलड़िया,पंचायत के सदस्यों एवं ग्रामवासियों द्वारा किया गया। ग्रामवासियों एवं मातृशक्ति द्वारा ढोल नगाड़ों एवं नृत्य के साथ पाना देवी गोदारा का स्वागत किया गया। पाना देवी गोदारा 44 वीं नेशनल मास्टर एथलेटिक्स प्रतियोगिता 2024 जो कि पुणे में आयोजित की गई थी। उसमें तीन गोल्ड मैडल जीतकर प्रथम बार अपने गांव अणखिसर आई थी। गोल्डन दादी ने 100 मीटर दौड़, गोला फेंक एवं तश्तरी फेंक में राष्ट्रीय स्तर पर तीन गोल्ड मैडल अर्जित किये हैं। स्वागत समोरह को सम्बोधित करते हुए पूर्व सरपंच धूड़ाराम कुलड़िया ने कहा कि पाना देवी गोदारा ने पूरे ग्राम का राष्ट्रीय स्तर पर नाम रोशन किया है। इनकी यह उपलब्धि हम सभी ग्रामवासियों को गौरवान्वित करने वाली है। उन्होंने युवा वर्ग एवं खिलाड़ियों के गोल्डन दादी से प्रेरणा लेने का आव्हान किया।

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि हमारी फर्म मै. हरिप्रसाद दायमा में 23.04.2023 को भगवानाराम का स्वर्गवास हो गया था। इसलिए उनको तथा खातेदार भैरूप्रसाद, राजेश, ओमप्रकाश, घनश्याम इनको सर्वसम्मति से हटाया जाता है तथा विजय दाधीच को जोड़ा जाता है। अतः इस संबंध में किसी साझेदारी अथवा अन्य को आपत्ति हो, तो सात दिनों में सूचना करे।

आज्ञा से

प्रबंधक

मैं हरि प्रसाद दायमा, सांगासर, तहसील रतनगढ़, 331022

## पेंशनर्स ने उठाया बीड़ा शत-प्रतिशत मतदान करेंगे

■ पेंशन समाज के संयुक्त तत्वावधान में आगामी 19 अप्रेल को होने वाले मतदान में अधिकाधिक मतदान करने के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया

**बीकानेर।** लोक सभा चुनाव-2024 स्वीप कार्यक्रम के तहत आज उपखंड कार्यालय परिसर में उपकोषाधिकारी नोखा व पेंशन समाज के संयुक्त तत्वावधान में आगामी 19 अप्रेल को होने वाले मतदान में अधिकाधिक मतदान करने व करवाने की प्रेरणा देने के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उपखंड अधिकारी गोपाल जांगिड़ ने सभी पेंशनर्स को संबोधित करते हुए मतदान प्रतिशत बढाने की अपील की। साथ ही उन्होंने बताया कि आप बुजुर्ग है व आपकी बात परिवार व समाज में कोई टाल नहीं सकता इसलिए आप सभी को मतदान करने बाबत आदेशित करें व इस बाबत कोई सुझाव हो तो दें। तहसीलदार चन्द्रशेखर टॉक ने सभी पेंशनर्स से अनुरोध किया कि नोखा में महिला मतदान का प्रतिशत पूर्व में कम रहा है इसलिए आप सभी महिलाओं को भी प्रेरित कर उनका प्रतिशत बढाने में पूर्ण भूमिका निभावें व लोकतंत्र को मजबूत बनावें।

पेंशन समाज के अध्यक्ष इन्द्रचन्द मोदी ने सभी पेंशनर्स से अपील की कि आप स्वयं तो मतदान करें पर अपने परिवार समाज को भी मतदान अवश्य करने के लिए प्रेरित कर 19 अप्रेल में अधिकाधिक मतदान करावें तभी लोकतंत्र मजबूत हो पायेगा। इस अवसर पर मोदी में पेंशन समाज की गतिविधियों से अधिकारियों को अवगत कराते हुए समाज के लिए तहसील परिसर में भूमि आवंटन की मांग भी की।

उपकोषाधिकारी रमेशकुमार व्यास ने नोखा शहर व ग्रामीण आंचल से आए सभी पेंशनर्स को कार्यक्रम में शामिल होने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। स्वीप प्रभारी राजेश कुमार व्यास ने बताया कि सभी पेंशनर्स को उपखंड अधिकारी व तहसीलदार, नोखा० ने अधिकाधिक मतदान करके लोकतंत्र को मजबूत करने की शपथ दिलाई। इस अवसर पर वयोवृद्ध पेंशनर हरिसिंह पड़िहार, भगवानाराम डेलू, हुकमसिंह शेखावत, सत्यनारायण पारीक, जयदयाल व्यास, भँवरलाल पूनिया, डॉ हरिराम पेड़िवाल, डॉ ओमप्रकाश सोमाणी, डॉ खींवसिंह राजपुरोहित, सादुलनाथ सिद्ध, विजयप्रकाश पुरोहित, भोपालाराम छींपा, रामलाल कुमावत, मूलाराम नायक सहित बड़ी संख्या में पेंशनर्स कार्यक्रम के साक्षी बने।

# छात्रा कॉमन रूम मय कॉन्फ्रेंस हॉल का लोकार्पण

## छह लाख रुपये की लागत से बनाया गया है हॉल

सादुलपुर, (निस)। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय राजगढ में सादुलपुर कोलकाता नागरिक परिषद के आर्थिक सहयोग से ६० लाख रुपए की लागत से छात्राओं के लिए नवनिर्मित कॉमन रूम मय कॉन्फ्रेंस हॉल का लोकार्पण किया गया। कॉन्फ्रेंस हॉल के उद्घाटनकर्ता बेंगलुरु प्रवासी मुरारीलाल सरावगी प्रधान अतिथि परिषद के अध्यक्ष भोमराव सरावगी, मुख्य अतिथि परिषद के संरक्षक सदस्य श्रीवर्धन मोहता, विशिष्ट अतिथि संतोष अग्रवाल, प्रहलाद राय चंगोईवाला, निर्मल बोथरा, सुरेश भोजक, राजकुमार मोहता, गोपीराम शर्मा, प्रेरक मंगतूराम मोहता, महिपाल सिंह पूनिया, प्रताप सिंह कस्वा एवं ठेकेदार भूपेंद्र सिंह पूनिया थे। नोडल प्रधानाचार्य सुरेंद्र सिंह पूनिया तथा विद्यालय स्टाफ ने सम्मानित अतिथियों का माल्यार्पण साफा शॉल तथा प्रतीक चिन्ह प्रदान कर स्वागत अभिनंदन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। विद्यालय की छात्राओं ने सरस्वती वंदना तथा स्वागत गान प्रस्तुत किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि भोमराव सरावगी ने कहा कि विद्यालय विकास हेतु जो कुछ भी होगा उतना सहयोग परिषद के द्वारा भविष्य में भी किया जाएगा ताकि राजगढ के विद्यार्थी शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करके राजगढ का नाम रोशन करें। परिषद के संरक्षक सदस्य श्रीवर्धन मोहता ने सभी को सामाजिक क्षेत्र में सक्रिय रहने के लिए प्रेरित करने के साथ प्रधानाचार्य सुरेंद्र सिंह पूनिया एवं स्टाफ सदस्य तथा समाजसेवी मगतूराम मोहता के कार्यो की सराहना की। नोडल प्रधानाचार्य सुरेंद्र सिंह पूनिया ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा की विद्यालय विकास हेतु सभी भामाशाह का विद्यालय परिवार आभारी रहेगा तथा आश्वस्त किया कि समस्त विद्यालय परिवार बच्चों की शिक्षा के लिए हर संभव प्रयास करेगा तथा पूरी निष्ठा और ईमानदारी से शिक्षा के क्षेत्र में उनके द्वारा कार्य किया जाएगा। ज्ञातव्य हो विद्यालय परिवार ने भोमराज सरावगी श्रीवर्धन मोहता व राजकुमार मोहता को अभिनंदन हेतु विद्यालय में आमंत्रित किया था। अभिनंदन समारोह में उन्होंने छात्राओं के लिए कॉमन रूम मय कांफ्रेंस हॉल बनाने की घोषणा की थी। ज्ञात रहे कि ६० लाख की लागत से लगभग ५००० वर्ग फीट में बना कॉमन रूम कॉन्फ्रेंस हॉल बरामदा सहित १०० फुट लंबा ५० फुट चौडा है। जिसमें भव्य स्टेज फर्श पर कोटा स्टोन तथा छत की ऊंचाई 22 फीट है। कार्यक्रम पश्चात उपस्थित विद्यार्थियों एवं गणमान्य लोगों को अल्पाहार करवाया गया। इस अवसर पर मोहता कॉलेज प्रोफेसर प्रताप सिंह राठौड, डॉ. जयलाल झाझडिया, वीरेंद्र मांजू सहित बडी संख्या में राजगढ के गणमान्य व्यक्ति विद्यालय स्टाफ एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।




राजगढ सादुलपुर नागरिक परिषद कोलकाता के आर्थिक सौजन्य से निर्मित का लोकार्पण किया।

**उत्तर पश्चिम रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

मंडल रेल प्रबंधक उत्तर पश्चिम रेलवे बीकानेर भारत के राष्ट्रपति की ओर से इच्छुक ठेकेदारों से निम्न लिखित कार्य के लिए दर्शायी गयी तिथि में सील की गई खुली निविदा आमंत्रित करते हैः- **निविदा संख्याः** एस. एण्ड. टी/बी.के.एन-ईटी 284 ; **कार्य का नाम व स्थानः** बीकानेर मंडल में सादुलपुर रतनगढ सैकशन के दुधवाखारा यार्ड में किमी 253/6-7 पर हिसार-सादुलपुर सैक्शन के सुरतपुरा यार्ड के किमी 65/3-4 और सादुलपुर- रेवाडी सैक्शन के सादुलपुर यार्ड के किमी 222/7-8 पर RUB से सबिधत S&T से जुडे कार्यो का प्रावधान। **अनुमानित लागत मूल्य रूः** Rs. 2834582.98; **धरोहर रशिः** Rs. 56700.00; **निविदा प्रस्तुत करने की तिथि व समयः** 24.04.2024 को 15:00 बजे तक; **वेब साइट जहाँ निविदा का पूरा विवरण देखा व डाउनलोड किया जा सकता हैः** www.ireps.gov.in

422-AN/24

हमें /NWRailways पर फॉलो करें

**कार्यालय नगर परिषद्, चूरू (राजस्थान)**

क्रमांक :- न.प./चूरू/तामीर शाखा/2023-24/71-73 दिनांक- 03.04.2024

**-: सार्वजनिक विज्ञप्ति (आपत्ति आमंत्रण पत्र) :-**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि संबंधित आवेदिका द्वारा निम्नांकित विवरण-पत्र में अपने नाम के सम्मुख अंकित कार्य की स्वीकृति हेतु इस कार्यालय को अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है, अतः इस संबंध में किसी व्यक्ति/संस्था/हितधारक को कोई आपत्ति हो तो उक्त सार्वजनिक विज्ञप्ति के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के भीतर उपर्युक्त साक्ष्य सहित अपनी लिखित आपत्ति निम्न अद्योहस्ताक्षर कर्ता के समक्ष प्रस्तुत कर सकते है। बाद मियाद गुजरने पर प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा तथा नियमानुसार प्रकरण का निस्तारण संबंधित आवेदिका के पक्ष में कर दिया जावेगा :-

| क्र. सं. | नाम आवेदक / आवेदिका | आवेदित भूमि की अवस्थिति | भूखण्ड का क्षेत्रफल | उत्तर | दक्षिण | पूर्व | पश्चिम | अपेक्षित स्वीकृति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | श्रीमती संतरा पत्नी श्री मोहनलाल, मुख्त्यार शाह की दरगाह के पास रतननगर तह. व जिला चूरू | रामगढ़िया दरवाजा के पुराना पास, वार्ड नं. 26, चूरू | 45.53 वर्गमीटर | भूखण्ड संख्या 03 | भूखण्ड संख्या 06 | दादू भवन | रास्ता आम पुरानी सड़क | मिश्रित भवन निर्माण स्वीकृति (व्यवसायिक/ आवासीय) |

अभिलाषा सिंह

आयुक्त - नगर परिषद्, चूरू

## मैराथन दौड निकाली

**सादुलपुर,** (निस)। आगामी लोकसभा चुनाव-2024 के तहत स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत गुरूवार को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सिद्धमुख के स्टाफ, बीएलओ, विद्यार्थियों ने मैराथन दौड का आयोजन किया।

विद्यार्थियों की मैराथन दौड को विद्यालय के प्रधानाचार्य दीपचंद इंदौरिया द्वारा शुभारंभ किया गया और यह मैराथन दौड कस्बे के बस स्टैंड, मुख्य मार्गो, हनुमान मंदिर से होते हुए विद्यालय में प्रवेश किया।

**अधिकाधिक मतदान का आव्हान किया**

स्वीप प्रभारी महावीर प्रसाद घाडेला के नेतृत्व में मैराथन दौड के दौरान विद्यार्थियों ने लोकतंत्र को मजबूत करने हेतु आमजन से अधिकाधिक मतदान करने हेतू मतदान जागरूकता के नारे लगाये।

इस अवसर पर स्वीप प्रभारी महावीर प्रसाद घोडेला, बीएलओ सुरेन्द्र इन्दोरिया, मुकेश कुमार महला, राकेश कुमार, शंकरलाल सहारण सहित स्टाफ सदस्य चम्पालाल वरिष्ठ अध्यापक, चमेली देवी शारीरिक शिक्षक व संगीता अध्यापक के साथ-साथ विद्यालय के समस्त छात्र-छात्राओं ने मैराथन दौड में भाग लेकर आमजनक को अधिकाधिक मतदान कर लोकतंत्र का मजबूत बनाने का आहवान किया।

# भाजपा प्रत्याशी स्वामी सुमेधानंद का गांवों में ढोल नगाडा बजाकर स्वागत, सम्मान किया

### ग्राम पंचायतों में किया जनसंपर्क, भाजपा के पक्ष में मतदान की अपील की

**सीकर,** 4 अप्रेल (निसं.)। लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी सांसद स्वामी सुमेधानंद सरस्वती व चौमूं के पूर्व विधायक रामलाल शर्मा ने चौमूं विधानसभा क्षेत्र में जनसंपर्क किया। यहां पर रींगस रोड स्थित राधाकृष्ण गार्डन में चुनावी कार्यालय का उद्घाटन किया। इस अवसर पर स्वामी सुमेधानंद सरस्वती ने कहा कि देश में वर्तमान में चल रही चुनावी लड़ाई से यह स्पष्ट है कि एक तरफ परिवादवाद वाले लोग है और दूसरी तरफ नेशन फस्ट वाले लोग हैं। एक तरफ जातिवाद का नारा देकर सामाजिक ताने बाने को छीन-भिन्न करने वाले लोग है, दूसरी तरफ राष्ट्रवाद के आधार पर एक भारत श्रेष्ठ भारत की बात करने वाली भारतीय जनता पार्टी है। उन्होंने चौमू की विधानसभा की विभिन्न ग्राम पंचायतों में आयोजित जनसभाओं को संबोधित किया। स्वामी सुमेधानंद सरस्वती के ग्रामीण इलाकों में पहुंचने पर ढोल बजाकर जयकारों से स्वागत किया। स्वामी सुमेधानंद ने कहा कि जनता के आर्शीवाद से पहली बार सांसद बनने के बाद लोकसभा क्षेत्र में रेल के क्षेत्र में केंद्र सरकार ने कई काम



लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी सांसद स्वामी सुमेधानंद सरस्वती ने चौमूं विधानसभा क्षेत्र में जनसंपर्क किया।

किये हैं। इससे पूर्व कांग्रेस के शासन में छह साल तक जयपुर से लुहारू तक रेल की पटरियां उखाड़ कर रख दी थी। यहां के लोग ट्रेन में बैठना ही भूल गये थे। सांसद बनने के बाद दो साल में ही पटरियां बिछवाई, ट्रेन शुरू करवाई। आज सीकर से 49 ट्रेनें प्रतिदिन चलती है। उन्होंने कहा कि कम्यूनिष्ट व कांठोस सीकर में एक होकर चुनाव लड़ रहे हैं वहीं वायनाड में कम्यूनिष्ट कांठोस के खिलाफ चुनाव लड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि सीकर में कांठोस लगातार दो चुनाव हार चुकी है तभी यहां उम्मीदवार नहीं उतारा। क्योंकि उनको पता था कि उनके भ्रष्टाचार व चोरियों का जनता को पता लग गया तो उनके पांव यहां नहीं टिकेंगे। तब कांठोस ने यहां पर कम्यूनिष्टों को आगे कर दिया। कहा कि प. बंगाल में कम्यूनिस्टों ने 27 साल व कांठोस ने 30 साल व अब ममता का शासन है लेकिन आज तक वहां पर मंडी व्यवस्था नहीं है। ऐसे में किसान व व्यापारी अपना सामान नहीं बेच सकते हैं। चौमूं के पूर्व विधायक रामलाल शर्मा ने कहा कि सांसद स्वामी सुमेधानंद सरस्वती ने अपने कार्यकाल में चौमूं में पेजयल की किल्लत को दूर किया है। कहा कि उनके विधायक रहते हुए चौमूं में सड़क, पेयजल, ट्यूबवैल आदि काम करवाये हैं। राज्य में भाजपा की सरकार है, केंद्र में फिर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार बनाकर चौमूं में शेष रहे विकास कार्यों को पूरा करने के लिए पार्टी के प्रत्याशी स्वामी सुमेधानंद सरस्वती को भारी बहुमत से विजयी बनाना है। इस दौरान लोकसभा सह संयोजक डॉ. बीएल रणवां, जिला उपाध्यक्ष गोविंद सैनी, राहुल बागरा, मुकेश जोशी, विनोद गोदारा, आलोक जांगिड़, नितीन खंडेलवाल, पूजा शर्मा आदि मौजूद रहे।

## सार-समाचार

### मारपीट में घायल महिला ने तोड़ा दम



**पाटन** । निकटवर्ती ग्राम बलुपूरा में विगत 22 मार्च को गांव के ही शराबी युवक अमित धानक द्वारा घर में घुसकर सुलोचना देवी पत्नी ओमप्रकाश गुप्ता के साथ मारपीट कर फरार हो गया था, जिसको पाटन पुलिस ने आरोपी को बहरोड से गिरफ्तार कर लिया था। मारपीट के दौरान सुलोचना देवी गंभीर रूप से घायल हो गई थी, जिसका इलाज जयपुर एस एम एस होस्पिटल में चल रहा था। अत्यधिक गंभीर हालात के चलते वह आईसीयू वार्ड में एडमिट थी। सुलोचना देवी का अत्यधिक ब्लड निकल जाने से चिकित्सक उसको बचा नहीं पाए और 14 दिन जींदगी और मौत से जूझ रही सुलोचना देवी ने गुरुवार को उपचार के दौरान दम तोड़ दिया है।

### व्यापारी से लूट का आरोपी गिरफ्तार

**सुजानगढ** (का.स) व्यापारी के साथ लूट के प्रकरण में वांछित एक आरोपी को कोतवाली थाना पुलिस ने गुरूवार को नाथो तालाब से गिरफ्तार किया। जांच अधिकारी सहायक उप निरीक्षक तेजाराम ने बताया कि प्रकरण में फरार चल रहे राजीद खान उर्फ राजा उर्फ मोडू पुत्र मजीद खान कायमखानी निवासी कब्रिस्तान के पास को नाथो तालाब के पास से गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी 13 फरवरी के बाद से ही फरार चल रहा था। गिरफ्तार आरोपी राजीद को एसीजेएम न्यायालय में पेश किया गया। जहां से एसीजेएम ने उसे एक दिन के पुलिस रिमाण्ड पर सौंपा। पुलिस गिरफ्तार आरोपी से लूटी गयी राशि बरामद करने का प्रयास कर रही है। आपको बतादे कि 13 फरवरी को व्यापारी प्रहलाद नारायण शर्मा के साथ जनाना अस्पताल के पीछे लूट की घटना हुई थी। जिसमें शामिल आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जा चुका है।

### प्रशिक्षण शिविर आयोजित

**सीकर,**। लोकसभा चुनाव को लेकर जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स (डीएलएमटी) के लिए एसएलएमटी,डीएलएमटी, एएलएमटी बीसीआई, रसद, ट्रैफिक का जिला निर्वाचन अधिकारी कमर उल जमान चौधरी की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में जिला निर्वाचन अधिकारी कमर चौधरी ने कहा कि प्रशिक्षण का उद्देश्य डीएलएमटी को उनकी भूमिकाओं के बारे में प्रशिक्षित करना है, जो अन्य मतदान अधिकारियों को प्रशिक्षित करेंगे और स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव सफलतापूर्वक संपन्न कराएंगे। प्रशिक्षण में सीईओ नरेंद्र सिंह पुरोहित, आरएए बलदेवा राम धोजक, जिला साक्षरता अधिकारी एवं प्रशिक्षण सह प्रभारी राकेश कुमार लाटा सहित मास्टर ट्रेनर्स व प्रशिक्षणार्थी उपस्थित रहे।

### रैली में पहुंचने का आव्हान

**रतनगढ** (निसं)स्थानीय वार्ड नंबर 20 व 21 में सुप्यार चारण व मंजू बानो के नेतृत्व में घर-घर पीले चावल बांटकर शुक्रवार को चूरू में आयोजित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रैली में ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचने का आव्हान किया साथ ही आगामी लोकसभा चुनाव में दिल्ली में नरेंद्र व चूरू में देवेंद्र को वोट देकर भाजपा को विजय बनाने का आव्हान किया। इस अवसर पर सबीना बानो, साजिदा बानो, तारा देवी, चंपा देवी, मंजू देवी, सकीला बानो, इंद्रा देवी, किरण देवी, बिस्मिल्ला बानो सहित अनेक महिलाएं उपस्थित थी।

### तीन घंटे बिजली कटौती

**चिड़ावा।** बिजली विभाग की ओर से लगातार दूसरे दिन बिजली कटौती की जाएगी।कनिष्ठ अभियंता दीपिका गोदारा ने बताया किक्षेत्र के ठाामीण इलाकों में शुक्रवार को तीन घंटे बिजली कटौती रहेगी। उन्होंने बताया कि ठाामीण क्षेत्र के अडूका, पिचानवां, हीरवा, ओजटू, सेही कलां जीएसएस से लगते गांवों में सुबह आठ से 11 बजे तक बिजली बंद रहेगी।

### 133 पीपल के पौधे रोपे

**चिडावा।** पर्यावरणप्रेमी बीरबलसिंह चौधरी की ओर से इस्माइलपुर में तैयार पौधे लोगों को वितरण का कार्य किया जा रहा है। शुक्रवार को चौहान ने क्षेत्रीय वन अधिकारी सुमन कुमारी की प्रेरणा से भगीनिया जोहड़ नर्सरी में 133 बड़ और पीपल के पौधे दिए। ये पौधे मुक्तिधाम और मंदिरों में लगाए जाएंगे। इस मौके पर वनपाल मुकेश कुमार, रामानंद,प्रकाश आनंद बुडानिया, सुशीला रणवांआदि मौजूद रहे।

### द्वितीय रेण्डेमाईजेशन आज

**सीकर,**। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला कलेक्टर कमर उल जमान चौधरी ने आदेश जारी कर लोकसभा आम चुनाव 2024 के अंतर्गत ईवीएम व वीवीपैट मशीनों का द्वितीय रेण्डेमाईजेशन 5 अप्रैल 2024 को अपरान्ह् 3 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में किया जायेगा, जिसमें राजनैतिक दलों, उम्मीदवार व अभिकर्ता भाग ले सकेंगे।

## पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक

**श्रीगंगानगर,** । लोकसभा आम चुनाव 2024 के तहत जिला निर्वाचन अधिकारी और जिला कलक्टर लोकबंधु ने गुरुवार को पुलिस अधीक्षक गौरव यादव के साथ सीमावर्ती पतली चेक पोस्ट का औचक निरीक्षण किया। मौके पर दोनों अधिकारियों ने नाकाबंदी के दौरान वाहनों की जांच प्रक्रिया को देख एसएसटी दल को आवश्यक निर्देश दिए। साथ ही सादुलशहर में पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक लेकर अब तक हुई चुनावी तैयारियों की समीक्षा की।

सादुलशहर उपखंड कार्यालय में आयोजित बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी ने लोकसभा चुनाव के तहत अब तक हुई चुनावी तैयारियों की समीक्षा करते हुए सीमावर्ती क्षेत्र के मद्देनजर विशेष सावधानी रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पंजाब से आने वाले रास्तों पर निगरानी रखी जाए और चेक पोस्ट पर 24 घंटे प्रभावी मॉनिटरिंग करते हुए अवैध लिकर, मादक पदार्थ, नगदी सहित अन्य वस्तुओं की आवाजाही को रोका जाए। जिला कलक्टर ने एग्जाम प्लानर के अनुसार नियमित गतिविधियां करने और मतदान दिवस 19 अप्रैल को अधिकाधिक मतदान करने के लिए भी आमजन को जागरूक करने के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक यादव ने कहा कि लोकसभा चुनाव के मद्देनजर संवेदनशील और अति संवेदनशील क्षेत्रों में शांति फैलाने वाले अपराधियों के खिलाफ भी कार्रवाई करने, सीएलजी और शांति समिति के जरिए आमजन को कानून व शांति व्यवस्था बनाये रखने और क्षेत्र में फरार अपराधियों को गिरफ्तार किया जाए। मौके पर एसडीएम श्रीमती शिवा चौधरी, सीओ ग्रामीण अनुपम मिश्रा, आईपीएस विनय कुमार, सीओ ग्रामीण के अधीन सभी पुलिस थानों के प्रभारी सहित अन्य मौजूद रहे।

## रैली को सफल बनाने पर बल

**रतनगढ़** (निसं)।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शुक्रवार को चुरू आगमन पर होने वाली विशाल जनसभा को सफल बनाने के लिए भाजपा कार्यकर्ताओं ने अपनी ताकत झोंक दी है। भाजपा के पूर्व शहर मंडल अध्यक्ष अरविंद इंदौरिया के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को स्थानीय सब्जी मंडी एवं बाबा रामदेव मंदिर के पास आमजन से संपर्क करते हुए चूरू रैली में शामिल होने का न्योता दिया। पूर्व मंडल अध्यक्ष इंदौरिया ने कहा कि लोकसभा प्रत्याशी देवेंद्र झाझडिया के समर्थन में प्रधानमंत्री मोदी विशाल आमसभा को संबोधित करने के लिए चूरू आ रहे हैं, जिसे लेकर कार्यकर्ताओं में गजब का उत्साह देखने को मिल रहा है। इस अवसर पर भाजपा नेता ओमप्रकाश सैनी, रामोतार सांखोलिया, विजय सैनी, ओमप्रकाश कामड, संजय सैनी, पार्षद रामकिशन माटोलिया सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## 'कलियुग में हारे का सहारा श्याम बाबा'

**रतनगढ़** (निसं)। प्राचीन श्याम मंदिर के 58वें वार्षिकोत्सव पर 4 दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान के अंतर्गत मंदिर परिसर में श्याम कथा का आयोजन किया जा रहा है।

व्यासपीठ पर विराजमान कृष्णानंद महाराज ने गुरुवार को खाटू नरेश श्रीश्याम प्रभु के चरित्र पर व्याख्या करते हुए कहा कि जब-जब धरती पर पाप बढ़ता है, तब-तब भगवान अवतार लेकर भूमि को पाप के भार से मुक्त करते हैं और धर्म की स्थापना करते हैं। भगवान श्रीकृष्ण परम योगेश्वर है, उनका जन्म मनुष्य के भीतर व्याप्त अज्ञान रूपी अंधकार का नाश कर आध्यात्मिक चेतना जागृत करने के लिए ही हुआ है। वहीं श्रीकृष्ण श्रीश्याम रूप से खाटू में विराजित है और जो मनुष्य सच्चे मन से उनका गुणगान करता है, उनकी सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती है। जो व्यक्ति सब प्रकार से हार जाता है, तो बाबा श्याम उसकी जीत कराकर मान बढ़ाते हैं। मंदिर पुजारी प्रदीप धर्ड व



श्याम मंदिर के 58वें वार्षिकोत्सव पर कथा का आयोजन किया।

आशुतोष धर्ड ने आगंतुकों का आभार प्रकट किया। इस अवसर पर लक्ष्मीनारायण बणसिया, रामदेव चंदनिया, मनोज जोशी, छगनलाल दर्जी, गिरधारीलाल बाजोरिया, संजय कटारिया, महेश जोशी, राजकुमार जोशी, देवकीनंदन चौधरी, बलवीर स्वामी, ललिता व्यास, संतोष शर्मा, मंजू तोषावड़, सुशीला बंशीवाल, दुर्गादेवी आत्रेय, सरोज सिंडोलिया, पार्वती शर्मा, सोनिका धर्ड सहित कई श्रद्धालु उपस्थित थे।

## 13 विद्यार्थियों का सेना में लेफ्टिनेंट पद पर चयन

**सीकर,** 4 अप्रैल। शिक्षा नगरी सीकर के लिए फिर से एक बड़ी खुशखबर है। आईआईटी जेईई, नीट, बोर्ड परीक्षाओं आदि में अव्वल रिजल्ट दे रही शिक्षा नगरी सीकर अब एनडीए में भी राष्ट्रीय स्तरीय रिजल्ट देने लग गई है। हाल ही में घोषित एनडीए एसएसबी 152 कोर्स फाइनल मेरिट लिस्ट में पालवास रोड, सीकर स्थित प्रिंस एनडीए एकेडमी एवं प्रिंस सैनिक स्कूल के 13 विद्यार्थियों का सेना में लेफ्टिनेंट पद पर चयन हुआ है। चयनित विद्यार्थियों में प्रिंस की प्रतिभा बुडानिया, राधेश्याम मान, कुलदीप झाला, पंकज बुरा, सुनील कुमार, दीपक तेवतिया, उज्जवल सिंह, मोहित बुगालिया, समर प्रताप सिंह, अश्विन चौधरी, वरुण रतनू, शुभम गोरा एवं आदित्य सिंह शामिल हैं। इन कैडेट्स को ट्रेनिंग के बाद सेना में सीधे लेफ्टिनेंट के पद पर नियुक्ति मिलेगी। मूलत: गेटा का बास, झुंझुनूं एवं वर्तमान में शांतिनगर, चूरू निवासी प्रतिभा बुडानिया ने छात्रा वर्ग में ऑल इंडिया लेवल पर 18वीं रैंक हासिल की है। छात्राओं के लिए इस भर्ती में केवल 35 पद हैं। प्रतिभा के पिता जगपाल बुडानिया सरकारी शिक्षक हैं एवं माता सुमन बुडानिया सरकारी जीएनएम हैं। प्रतिभा ने कहा कि छात्राओं को एनडीए में पदों की संख्या पर कभी ध्यान नहीं देना चाहिए क्योंकि उन्हें सफल होने के लिए केवल एक सीट की ही जरूरत होती है। एक साथ 13 विद्यार्थियों के एसएसबी में चयन होने पर प्रिंस एनडीए एकेडमी में उत्साह का माहौल रहा। इस सफलता पर निदेशक जोगेन्द्र सुण्डा, चेयरमैन डा. पीयूष सुण्डा, मुख्य प्रबंध निदेशक राजेश ढिल्लन, प्रिंसिपल कर्नल वीर सिंह जादौन, एसएसबी एक्सपर्ट ब्रिगेडियर मंगेज सिंह, कोमोडोर मंजीत सिंह, कोमोडोर चंद्रशेखर आजाद, एवं एकेडमिक हेड पवन कुमावत ने चयनित विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं शिक्षकों को बधाईयाँ दी।

## मंदिर में बर्तन की भेंट

**चिड़ावा।** शहर की अरड़ावतिया कॉलोनी स्थित संकटमोचन द्वारकाधीश मंदिर में कांतिप्रसाद हलवाई की प्रेरणा से खरातीलाल सोलंकी की स्मृति में उनके पुत्रों ने जन सहायतार्थ बर्तन भेंट किए।सोलंकी परिवार ने मंदिर संस्था को सिल्वर के पांच टॉप, एक परात, एक ढक्कन सहित टोपियां, चाय के लिए स्टील टंकी, दस खुमचा, चमचा, पलटा, टेणिया आदि बर्तन भेंट किए। रजनीकांत ककरानियां और महंत राधेश्याम शर्मा ने दानदाताओं का आभार जताया।मंदिर की ओर से जरूरत मंदों को ये बर्तन नि:शुल्क बिना किराए के दिए जाएंगे। महंत राधेश्याम शर्मा ने बताया कि मंदिर अब पहले से ज्यादा बर्तन काम में लेने के लिए निशुल्क उत्सवों में दे सकेगा।

## जैन प्रतिमा की पूजा अर्चना पर चर्चा

**सुजानगढ** । (का.स)गोपालपुरा में खुदाई के दौरान निकली जैन प्रतिमा प्रकरण में अर्हम आश्रम में जैन समाज के अलग-अलग ट्रस्टी एवं प्रतिनिधियों ने मुलाकात की।

मुम्बई, सूरत एवं जयपुर से आये जैन समाज के लोगों ने गोपालपुरा में खुदाई के दौरान मिली जैन प्रतिमा की अर्हम आश्रम में स्थापना कर जैन पद्धति से पूजा अर्चना शुरू करने की बात कही।

समस्त महाजन के ट्रस्टी देवेन्द्र भाई ने साध्वी कुसुम रेखा, उषा कुमारी एवं प्रिय दर्शना के दर्शन किए। राष्ट ीय जैन माइनोरिटी ऑर्गेनाइजेशन के राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष महेश जैन ने अर्हम आश्रम की व्यवस्थाओं की सराहना की। महावीर नगर जैन संघ नौसरी प्रमुख सूरत के महेश जोगानी ने कहा कि आचार्य चंदन मुनि जी की तपस्या के फलस्वरूप अर्हम आश्रम स्थल देव स्थान प्रतीत होता है।

इस दौरान चंदा छाजेड, पुष्पा नाहटा, संतोष छाजेड, लब्दी विन्ऋय जन सेवा ट्रस्ट बॉम्बे की प्रतिनिधि कोमल, ग्राम पंचायत के उप सरपंच गणपत दास स्वामी उपस्थित थे।

इस दल ने सरपंच सविता राठी से भी मुलाकात की एवं सदर थाने में जाकर प्रतिमा के दर्शन किए।

## पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित

**बीकानेर।** आधुनिक शिक्षा के साथ बच्चों की विभिन्न विकासोन्मुख गतिविधियों के लिए प्रसिद्ध सेमुनौ इन्टरनेशनल का वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण के साथ हीरे की खोज और करिश्मेटिक किड कॉन्टेस्ट प्रतियोगिता के प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। आयोजनकर्ता सेमुनौ इन्टरनेशनल टेक्नो स्कूल की निदेशक शिक्षाविद् डॉ. नीलम जैन ने बताया कि जिला उद्योग संघ के सभागार में आयोजित हुए कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि सांख्यिकी विभाग के सचिव आईएएस नवीन जैन ने वीडियो कॉन्फ्रेन्सिंग के माध्यम से जुडक़र शुभकामनाएं दी। साथ ही कहा कि इस तरह के आयोजन से बच्चों को मोटिवेशन मिलता है। उन्होंने अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि आज शिक्षा के इस दौर में आवश्यक है कि माता पिता बच्चों को प्रतिदिन कम से कम पन्द्रह मिनट का समय दें, इससे बच्चों में मानसिक के साथ भावनात्मक संबल मिलता है। साथ ही कहा कि आज के युग में यह आवश्यक है कि बच्चों को हिन्दी और इंगि्लश दोनों प्रकार की शिक्षा मिले। इस दौरान उन्होंने अपने अनुभव साझा करते हुए आईएएस की तैयारी के बारे में भी बच्चों को महत्वपूर्ण जानकारी दी तथा परिचर्चा की। संरक्षक जिला उद्योग केन्द्र के अध्यक्ष डीपी पचीसिया एवं अति विशिष्ट अतिथि डॉ. श्रीमती विमला मेघवाल, सम्मानित अतिथि डॉ. नवदीप बेन्स प्रिंसिपल गर्वमेन्ट एम.एस गर्ल्स कॉलेज, संदीप जैन प्रिंसिपल गर्वमेन्ट सीनियर सेकण्डरी स्कूल रायपुर, ,शिवकुमार टाक थे।

# तहसील कार्यालय के रूके सारे काम, लोग परेशान

### तारानगर तहसील कार्यालय के कार्य ठप्प हो रहे है

**तारानगर** । इन दिनों तहसील कार्यालय के सभी काम ठप्प है। ग्रामीण अंचल सहित शहरी क्षेत्र के लोगों के कार्य रूकने की वजह से दर दर की ठोकर खानी पड रही है ।

हनुमानगढ से आई कुछ बहनो ने दो दिन से तारानगर में डेरा डाल रखा है जो अपने भाई के नाम हक परित्याग करना चाहती है लेकिन तहसीलदार सोनू आर्य द्वारा दिये गये मौखिक फरमान के चलते सभी कार्या पर पूर्ण विराम लगा हुआ है । सुत्रो से मिली जानकारी के अनुसार एक अधिकारी रजिस्ट्री सम्बन्धित कार्य अपने चाहने वाले सूचना सहायक को देना चाह रही है लेकिन जिला कलेक्टर के आदेश से आये अन्य लिपिक को अभी तक जोईन नहीं करवा कलेक्टर के आदेश को भी धत्ता बताते हुए सम्पूर्ण कार्यो को बन्द करवा रखा है जिससे आम जनता काफी परेशान नजर आ रही है । अधिकारी की पंजियन बाबू की पोस्ट को लेकर चल रहे तकरार की लडाई में आम आदमी पीसा जा रहा है। गौरतलब है कि तहसील कार्यालय परिसर में बैठने वाले प्रलेख लेखको



पंजीयन कार्यालय बंद होने से अपने कार्य कराने आने वाले लोगों को परेशानी हो रही है।

सहित कई लोगो ने आरोप लगाया कि अधिकारी के व्यवहार से नाखुश है और कोई भी कार्य सीधे तरीके से नहीं होता है, कहीं ना कहीं रोडा अटकाया जाता है । वर्तमान में तहसील कार्यालय की यह स्थिति है कि रजिस्ट्री कार्यालय के तहसीलदार ने ताला जड दिया है और सभी रजिस्ट्री कार्यो सहित अन्य कार्य बन्द है । **इनका कहना है** भागीरथ साख उप महानिरीक्षक पंजियन एवम् मुद्रांक विभाग वृत सीकर ने कहा कि तहसीलदार से बात हो गई है, पंजियन का कार्य बन्द नहीं हो सकता है, पंजियन ऑफिस के जो ताला लगा हुआ है उसकी जानकारी नहीं है मै पता करूंगा। चुनाव के समय पंजियन कार्य बन्द नहीं हो सकते, पंजियन कार्य जारी रखने के आदेश है। उत्तम सिंह शेखावत, अतिरिक्त जिला कलेक्टर चूरू ने कहा कि मुझे अभी किसी प्रकार की जानकारी नहीं है । कलेक्टर मैडम से बात करो । इसके अलावा पुष्पा सत्यानी, जिला कलेक्टर चूरू ने कहा कि तहसीलदार से बात हो गई है वो पोस्टल बैलेट सूचना में कार्यरत थी अब वो अपना कार्य पूर्ण रूप संचालित करेगी । पंजियन ऑफिस खोल दिया जायेगा ।

## शिकायत सी-विजिल एप पर

**श्रीगंगानगर,**। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा आमजन की सुविधा के लिये सी-विजिल एप संचालित किया है। एप के माध्यम से आचार संहिता के उल्लघन की शिकायत कर सकते हैं। एप पर की गई शिकायत पर मात्रा 100 मिनट में निस्तारण होगा। निर्वाचन विभाग के अनुसार अगर आमजन को चुनाव में कहीं लिकर या धन बांटने की जानकारी मिलती है, वोटर्स को ले जाने के लिए वाहन लगे हों या कोई फेक या पेड न्यूज दिखाई दी है तो सी-विजिल एप पर शिकायत पर जिला निर्वाचन विभाग महज 100 मिनट में कार्यवाही करेगा। आमजन को सिर्फ एक फोटो या वीडियो बना कर चुनाव आयोग के सी-विजिल एप पर अपलोड करना है। निर्वाचन विभाग तुरंत हरकत में आएगा और कार्यवाही शुरू हो जाएगी।

जिला निर्वाचन अधिकारी लोकबंधु ने आमजन से अनुरोध किया है कि आचार संहिता के उलूंघन के मामले में सी-विजिल एप के माध्यम से शिकायत कर सकेंगे। इस पर तुरंत कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने बताया कि सी-विजिल एप पर आम नागरिक हथियारों का प्रदर्शन, मतदाताओं को प्रलोभन के लिए नि:शुल्क उपहारों का वितरण, मतदाताओं को परिवहन साधनों से वोट डालने ले जाना, फेक न्यूज, डराना-धमकाना, सार्वजनिक प्रोपर्टी पर विज्ञापन, धन वितरण, हेट स्पीच, सांप्रदायिक भाषण एवं शराब व नशीले पदार्थ का वितरण सम्बन्धित शिकायत कर सकते हैं।

## स्कूल में प्रतिभाओं का सम्मान किया



चिड़ावा शहर की परमहंस ( पीसीपी ) स्कूल का वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह हुआ।

**विद्यार्थियों को चित्रकला, लेखनी, कविता वाचन में भाग लेने का आव्हान किया**

**चिड़ावा।** शहर की परमहंस (पीसीपी) स्कूल का वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन हुआ। जिसमें नर्सरी से सातवीं तक के विद्यार्थियों को उत्कृष्ट परिणाम पर प्रोत्साहन स्वरूप ट्रॉफी प्रदान की गई। संस्था निदेशक विक्रम जांगिड़ ने विद्यार्थियों से सह शैक्षिणक गतिविधियों चित्रकला, लेखनी, शारीरिक विकास, कविता वाचन आदि में भी भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। संरक्षक मुकेश जांगिड ने बताया कि संस्था का परिणाम हर वर्ष सर्वोत्तम रहता आया है। अभिभावकों ने विद्यालय प्रबंधन के शैक्षिक नवाचार की सराहना की। इस मौके पर राकेश पालावत, कृष्णा जांगिड़, प्रमिला जांगिड़, प्रमिला डांगी, चित्रा शर्मा, यशवंता, उषा सैनी, मंजू शीला, विनीता नेहरा, अनीता, सुहाना, मेहरबानी, बिंदिया, विनिता वर्मा, निर्मला, गीता स्वामी, सरस्वती, अनीता, राजीव, मनीष, दीपक पाटीदार, धर्मपाल पंवार, पंकज जांगिड,मोनिका, मनीषा, सुषमा, गीता जांगिड, पूजा, विकास आदि मौजूद थे।

